08/2020

सत्यमेव जयते
Web Copy - Not Official

1. **विषय – बंद वसीयत को खुलवाने बाबत।**

प्रार्थी बालूराम पुत्र पीथाराम जाति जाट निवासी 15 एसपीएम तहसील व जिला श्रीगंगानगर द्वारा एक प्रार्थना पत्र बंद वसीयत खुलवाने बाबत प्रस्तुत कर निवेदन किया है कि मेरी मासी श्रीमती बरजी देवी पत्नी श्री खीवनराम जाति जाट निवासी मोहर सिंह चौक पुरानी आबादी श्रीगंगानगर द्वारा अपने जीवनकाल में एक बन्द वसीयत 22.07.15 को इस कार्यालय में करवायी थी। प्रार्थी की मासी का स्वर्गवास दि0 15.01.20 को हो चुका है। श्रीमी बरजी देवी का मृत्यु प्रमाण पत्र संलग्न है एवं वारिसनामा सरपंच, ग्राम पंचायत मिर्जेवाला पं.स. श्रीगंगानगर का जारी किया हुआ है जिसके अनुसार बरजी देवी के कोई भी औलाद नहीं थी।प्रार्थी द्वारा बंद वसीयत करवाने की मूल रसीद प्रस्तुत की है।

वास्ते अवलोकनार्थ/आदेशार्थ सादर प्रस्तुत है।

2. प्रभारी अधिकारी पंजीयन,

प्रार्थी श्री बालूराम पुत्र श्री पीथाराम जाति जाट निवासी 15 एसपीएम तहसील व जिला श्रीगंगानगर ने प्रार्थना पत्र, शपथ पत्र, मूल रसीद,मुत्यु प्रमाण पत्र,, वारिसनामा पत्र, आई डी प्रूफ पेश कर निवेदन किया है कि मेरी मासी बरजी देवी पत्नी खीवनराम जाति जाट निवासी मोहर सिंह चौक पुरानी आबादी श्रीगंगानगर ने वसीयत दिनांक 22.07.2015 को करवाई थी। प्रार्थी की मासी का स्वर्गवास दिनांक 15.01.2020 को हो चुका है। उनके द्वारा दिनांक 22.07.2015 को करवायी गयी बंद वसीयत खोला जाकर निष्पादन की कार्यवाही हेतु निवेदन किया।

प्रार्थी को गवाहान इन्द्राज पुत्र पीथाराभ एवं अमर सिंह पुत्र दलीप सिंह ने पहचाना। प्रार्थी व गवाहों की पहचान अधिवक्ता श्री भजनलाल टाक द्वारा की है। अतः नियमानुसार एवं विधिसम्मत कार्यवाही से निर्धारित शुल्क जमा करवाकर वसीयत खोले जाने हेतु आदेशार्थ प्रस्तुत है।

अवलोकनार्थ एवं आदेशार्थ प्रस्तुत है।

जिला पंजीयक महोदय